मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 142
गुरुवार, 04 दिसम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com


## बीजापुर में सुरक्षाबलों का बड़ा वार, 6 माओवादी मारे गए, 2 वीर जवान शहीद

**बीजापुर, 03 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बुधवार को हुई मुठभेड़ में कम से कम छह नक्सली मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान शहीद हो गए। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा के पास वन्य गंगालूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई। इस साल 268 नक्सली मारे गए हैं।



जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और कोबरा (सीआरपीएफ की एक विशिष्ट इकाई, कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) की एक संयुक्त टीम इस अभियान को अंजाम दे रही थी। दंतेवाड़ा के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि पिछले दो घंटों से मुठभेड़ जारी है। उन्होंने कहा कि अब तक छह माओवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में डीआरजी के दो जवान भी शहीद हुए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। मुठभेड़ अभी भी जारी है और जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों को घेर लिया है। इस नवीनतम कार्रवाई के साथ, इस वर्ष अब तक छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में 268 नक्सली मारे जा चुके हैं। इनमें से 239 बस्तर संभाग में, जिसमें बीजापुर और दंतेवाड़ा सहित सात जिले शामिल हैं, मारे गए, जबकि 27 अन्य रायपुर संभाग के गरियाबंद जिले में मारे गए। दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दो नक्सली मारे गए। इससे पहले 30 नवंबर को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में कुल 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। इनमें से 27 पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम था। छत्तीसगढ़ के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया था कि यह आत्मसमर्पण पूना मार्गेम पहल के तहत वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने हुआ, जो पुनर्वास और सामाजिक पुनर्मिलन का समर्थन करती है। समूह में 12 महिलाएँ भी शामिल थीं, जो इस योजना के समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाती हैं।

## मोदी सरकार बहुजनों से कर रही विश्वासघात: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 03 दिसम्बर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जाति जनगणना के संबंध में संसद में कोई रूपरेखा या चर्चा न होने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बहुजनों के साथ विश्वासघात किया है। राहुल गांधी ने संसद में उनसे पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर साझा किया और आरोप लगाया कि केंद्र जाति जनगणना कराने की कोई इच्छा नहीं रखता है।




गांधी ने पर पोस्ट किया कि संसद में मैंने सरकार से जाति जनगणना के बारे में एक प्रश्न पूछा - उनका जवाब चौंकाने वाला है। कोई ठोस रूपरेखा नहीं, कोई समयबद्ध योजना नहीं, संसद में कोई चर्चा नहीं और जनता से कोई संवाद नहीं। अन्य राज्यों में सफल जाति जनगणना की रणनीतियों से सीखने की भी कोई इच्छा नहीं है। जाति जनगणना पर मोदी सरकार का यह रुख देश के बहुजनों के साथ विश्वासघात है। राहुल गांधी ने दशवार्षिक जनगणना की तैयारी के लिए प्रमुख प्रक्रियात्मक चरणों का विवरण और संभावित समय-सीमा, जिसमें प्रश्न तैयार करना और समय-सारिणी शामिल है, के बारे में पूछा है;

क्या सरकार जनगणना के प्रश्नों का मसौदा प्रकाशित करने और इन प्रश्नों पर जनता या जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने का प्रस्ताव रखती है; और क्या सरकार विभिन्न राज्यों में किए गए जाति सर्वेक्षणों सहित पिछले अनुभवों पर विचार कर रही है, और यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? जाति जनगणना पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में, केंद्र ने उत्तर दिया कि अगली जनगणना पिछली जनगणनाओं से प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखेगी और संबंधित हितधारकों से सुझाव मांगेगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के उत्तर में कहा गया है, ₹जनगणना का इतिहास 150 वर्षों से अधिक पुराना है। अगली जनगणना पिछली जनगणनाओं से प्राप्त अनुभवों को ध्यान में रखेगी। प्रत्येक जनगणना से पहले, संबंधित हितधारकों से सुझाव भी मांगे जाते हैं।

## डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने का माध्यम है संचार साथी: सिंधिया

**नई दिल्ली, 03 दिसम्बर।** आज बुधवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संचार साथी ऐप की उपयोगिता, स्वैच्छिकता और नागरिक-सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से जवाब दिया। बिना रजिस्ट्रेशन यह ऐप सक्रिय नहीं होता और हर नागरिक को इसका उपयोग न करने या कभी भी डिलीट करने का पूर्ण अधिकार है। विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रमों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि संचार साथी न केवल भारत की डिजिटल सुरक्षा का आधार है, बल्कि यह जनभागीदारी से संचालित एक ऐसा सुरक्षा प्लेटफॉर्म है जो हर नागरिक को स्वयं अपनी मोबाइल पहचान सुरक्षित रखने का अधिकार देता है।केन्द्रीय मंत्री ने संसद के पटल पर स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में अंतिम अधिकार नागरिक का है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनता के सुझावों और फीडबैक पर विभाग



इसके नियमों में संशोधित करने के लिए तत्पर है क्योंकि इस पहल का लक्ष्य केवल भारत के प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता की सुरक्षा करना है। इसके लिए संचार साथी को जन-जन तक उपलब्ध किया जा रहा है और फीडबैक अनुसार ऐप और इसके नियमों में बदलाव किए जाने को विभाग तैयार है।सिंधिया ने बताया कि संचार साथी पोर्टल और ऐप को भारत सरकार ने तकनीक दी है, लेकिन इसकी सफलता का असली श्रेय जनता को है। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मंच है जिसने नागरिकों को सीधे फर्जी मोबाइल कनेक्शन, चोरी हुए फोन, फ्रॉड आईएमईआई और साइबर धोखाधड़ी के विरुद्ध कार्रवाई में भागीदार बनाया है।उन्होंने सदन को बताया कि देशभर में संचार साथी पोर्टल को 20 करोड़ से अधिक विजिट्स मिले हैं। संचार साथी ऐप को 1.5 करोड़ से अधिक डाउनलोड किया गया है। सिंधिया ने जोर देकर कहा कि संचार साथी ऐप स्वतः सक्रिय नहीं होता। ऐप तभी काम करता है जब तक यूजर स्वयं इसे खोलें, स्वैच्छिक रूप से रजिस्ट्रेशन करें और इसे उपयोग करना चाहें। उन्होंने कहा, जैसे आपके फोन में सैकड़ों ऐप होते हैं, उसी प्रकार संचार साथी भी एक विकल्प है। नागरिक इसे उपयोग करना चाहें तो करें, न करना चाहें तो कभी भी अन-इंस्टॉल कर सकते हैं।

## 19 वर्षीय देवव्रत का दंडक्रम पारायण, सीएम योगी ने किया सम्मानित

### 50 दिन तक अखंड 2000 वैदिक मंत्रों के पारायण से काशी बनी विश्ववैदिक साधना का केंद्र : योगी

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी.** नमो घाट पर मंगलवार को काशी तमिल संगमम के शुभारंभ अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19 वर्षीय वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वैदिक साधना की जिस असाधारण उपलब्धि ने सार्थक चर्चा पैदा की है, उसमें देवव्रत ने शुक्ल यजुर्वेद की माध्यंदिनि शाखा के लगभग 2000 मंत्रों से युक्त दंडक्रम पारायणम्-को बिना किसी अवरोध के लगातार 50 दिनों में पूर्ण किया है।

बता दें, पूरी दुनिया में अब तक केवल दो बार दंडक्रम पारायण हुआ है। पहली बार लगभग 200 वर्ष पूर्व नासिक में वेदमूर्ति नारायण शास्त्री देव ने इसे सम्पन्न किया था। दूसरी बार यह दुर्लभ और अत्यंत कठिन वैदिक साधना आज के समय में काशी में देवव्रत रेखे द्वारा सम्पन्न की गई। उन्होंने यह तप 2 अक्टूबर से 30 नवंबर 2025 तक वल्लभराम शालिग्राम सांगेद विद्यालय, रामघाट में किया, जिसकी पूणार्हुति पिछले शनिवार को आयोजित हुई। युवक की विलक्षण साधना और अद्भुत अनुशासन को देखते हुए श्रृंगेरी शंकराचार्य के आशीर्वाद स्वरूप उन्हें सोने का कंगन और 1,01,116 की धनराशि प्रदान की गई।



अतिदुर्लभ है दंडक्रम पारायण? शुक्ल यजुर्वेद की माध्यंदिनि शाखा के मंत्रों को दंडक्रम में गाया जाना वेदपाठ की सबसे कठिन विधा मानी जाती है। वेदपाठ की आठ विधाओं में से यह वह प्रकार है जिसमें, मंत्रों को जटिल स्वरद्दक्रम और विशिष्ट ध्वन्यात्मक शैली में उच्चारित किया जाता है, शब्दों को आगेद्दपीछे, उलटद्दपलट कर, लयात्मक क्रम से पढ़ा जाता है, त्रुटिहीनता अनिवार्य होती है, और उच्चारण में जरा सा भी विचलन पूरा क्रम बिगाड़ सकता है। इसीलिए दंडक्रम पारायण को वैदिक पाठ का मुकुट कहा जाता है।

काशी बनी वैदिक पुनर्जागरण की धुरी देवव्रत की इस दिव्य साधना ने काशी को एक बार फिर भारतीय वैदिक परंपरा के केंद्र में स्थापित कर दिया है। जहाँ एक ओर तमिल संगमम उत्तर - दक्षिण सांस्कृतिक एकता का संदेश दे रहा है, वहीं दूसरी ओर युवा देवव्रत जैसे साधक यह प्रमाणित कर रहे हैं कि भारत की वैदिक चेतना आज भी जीवंत है, प्राणवान है और अगली पीढ़ी में निरंतर प्रवाहित हो रही है। काशी में सम्पन्न यह अद्भुत दंडक्रम पारायण न केवल धर्मपरंपरा का गौरव है, बल्कि युवा भारत की आध्यात्मिक शक्ति का भी सशक्त प्रमाण है।

## वाराणसी का समावेशन मॉडल चमका, सम्मान पाकर हिमांशु के खिले चेहरे

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी ने एक बार फिर सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी विकास की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश दिया है। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जहां जिले के 299 दिव्यांगजन आधुनिक सहायक उपकरणों से सशक्त हुए, वहीं पूरे प्रदेश में वाराणसी ने तीन महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय पुरस्कार हासिल कर मिसाल पेश की। यह उपलब्धि बताती है कि काशी सिर्फ आध्यात्म, संस्कृति की धरोहर नहीं, बल्कि संवेदनशील प्रशासन और मानवीय सरोकारों की भी राजधानी बन चुकी है।

बता दें, लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी को तीन-तीन महत्वपूर्ण सम्मान देकर जिले की मेहनत को सराहा। पुरस्कार पाने वालों में, 1. हिमांशु नागपाल




(तत्कालीन सीडीओं, वर्तमान नगर आयुक्त), दिव्यांगजनों के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट 2. केशव जालान, सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट एजेंसी, 3. किन्नी विरल देसाई (ब्लाइंड पीपुल्स एसोसिएशन इंडिया), सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, ये तीनों सम्मान वाराणसी मॉडल की कहानी कहते हैं, जहाँ तकनीक, संवेदनशीलता, रोजगार और अवसर एक साथ मिलकर समावेशी समाज का रास्ता बनाते हैं। निस्संदेह, विश्व दिव्यांग दिवस पर काशी की यह उपलब्धियाँ पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा हैं। यह केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और दिव्यांगजनों के प्रति सम्मानजनक दृष्टि का उज्ज्वल प्रतीक है। वाराणसी साबित कर रही है कि जब नीतियों में संवेदना और क्रियान्वयन में ईमानदारी हो, तो विकास के वास्तविक मायने हर चेहरे की मुस्कान में दिखते हैं. उधर, खुशीपुर स्थित अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग संस्थान एवं बचपन डे केयर सेंटर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैन्ट विधायक सौरभ श्रीवास्तव उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए इस गरिमामय आयोजन में कुल 299 सहायक उपकरणों का वितरण दिव्यांगजन सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बना। जिनमें, 24 कान की मशीन, 80 ट्राई साइकिल, 70 बैसाखी, 57 आई.डी. किट, 32 ब्रेल किट, 29 स्मार्ट केन, 04 व्हीलचेयर, 03 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल शामिल रहीं। विधायक श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य है, हर दिव्यांगजन तक सम्मान, अवसर और आत्मनिर्भरता का उजाला पहुँचाना। उनका वक्तव्य न केवल सरकारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि जमीनी क्रियान्वयन की कार्यशैली को भी स्पष्ट करता है।

## यूपी की जेलों की व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव, जातीय विभेद के प्रावधान होंगे खत्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल (प्रथम संशोधन), 2025 को मंजूरी देने का प्रस्ताव रखने वाली है, जिसे भारतीय जेलों के अंदर जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक आदेश के अनुपालन में तैयार किया गया है। सरकार जेल मैनुअल से अंग्रेजों के समय से चले आ रहे उन प्रावधानों को खत्म करेगी जो जातीय विभेद पर आधारित है। कैबिनेट ने 'यूपी जेल मैनुअल (प्रथम संशोधन) 2025' पर सहमति दे दी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी पिछले साल यूपी सहित 10 राज्यों को ये संशोधन करने के निर्देश दिए थे।







## विवेक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी संपन्न

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हो, इस उद्देश्य से घाटकोपर के पार्कसाइट स्थित विवेक विद्यालय में आज शालेय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में पर्यावरण, सोलर ऊर्जा, प्रदूषण, वर्षा, शहरीकरण, कृषि आदि विषयों पर कुल 90 प्रकल्प प्रदर्शित किए गए। विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों ने अपने प्रोजेक्ट की सविस्तार जानकारी दी तथा मान्यवरों एवं परीक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के समाधानकारी उत्तर दिया. इस विज्ञान प्रदर्शनी में आर. आर. एज्युकेशन इंस्टीट्यूट के संचालक प्रभाकर भोईटे, मल्टीपर्पज टेक्निकल स्कूल के मुख्याध्यापक संतोष भारमळ, अग्रसेन विद्यालय के मुख्याध्यापक अशोक परदेशी, विद्यालय की सचिव विमल थोरात सहित क्षेत्र के नागरिक तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी मान्यवरों ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट की सराहना की। विद्यालय के मुख्याध्यापक विवेक थोरात ने कहा कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि निर्माण करने हेतु आगे भी ऐसे उपक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। साथ ही इस विज्ञान प्रदर्शन को मिले पालकों के प्रतिसाद की प्रशंसा कर उनका आभार व्यक्त किया।

## भिवंडी में मुंबई नासिक हाईवे पर चल रहे एक ट्रक में लगी आग



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के करीब मुंबई नासिक हाईवे पर चल रहे एक आयशर ट्रक में वडपे गांव की सीमा में अचानक आग लग गई । ट्रक सब्जियों के खाली प्लास्टिक के कैरेट लेकर कल्याण से मध्य प्रदेश जा रहा था । ट्रक में रखे प्लास्टिक के कैरेट में आग लगने से आग फैल गई। ट्रक में आग लगने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों द्वारा जेसीबी की मदद से मिट्टी डालकर आग पर काबू पाया। आग में ट्रक का पिछला हिस्सा जल गया और अच्छी बात यह रही कि कोई जान का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन आग लगने का कारण साफ नहीं है । इस घटना का वीडियो वायरल हो गया है।

## भिवंडी मनपा द्वारा विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर विकलांग कार्यालय व पोर्टल का किया गया उद्घाटन



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी मनपा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दिव्यांग कार्यालय का उद्घाटन व दिव्यांग पोर्टल का शुभारंभ भिवंडी मनपा मुख्यालय में किया गया। बतादें कि मनपा प्रशासन भिवंडी शहर के दिव्यांगों की हर मुमकिन मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा वहीं मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने दिव्यांग नागरिकों से अपील की है कि वे मनपा द्वारा शुरू किए गए दिव्यांग पोर्टल पर अपनी जानकारी भरकर प्रशासन द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं। वे विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर भिवंडी नगर निगम मुख्यालय में समाज कल्याण विभाग के तहत दिव्यांग कार्यालय और दिव्यांग पोर्टल के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, नयना ससाणे, उपायुक्त विक्रम दराडे, सहायक आयुक्त शैलेश दोंदे, दिव्यांग सेवा संस्था के अशोक भोईर, नरेश तरे आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनपा में सेवारत दिव्यांग कर्मचारी और शहर के दिव्यांग संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। आयुक्त ने आगे कहा कि दिव्यांग समाज का सबसे बड़ा हिस्सा हैं उन्हें हर तरह के बराबर मौके मिलने चाहिए और उनके लिये मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए। उनके कार्यों में उचित मदद मिलनी चाहिए और सरकार के नियमों और मनपा द्वारा लिए गए फैसलों के मुताबिक दिव्यांगों को फायदे दिए जाएंगे। मनपा कमिश्नर ने यह भी बताया कि मनपा द्वारा शुरू किए गए दिव्यांग पोर्टल के जरिए दिव्यांग घर बैठे अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और अलग-अलग सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और योजनाओं की आनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने दिव्यांगों से इन सेवा का फायदा उठाने की अपील की है। इस अवसर पर मनपा में सेवारत बेहतरीन काम करने वाले दिव्यांग कर्मचारियों को खास लोगों ने सम्मानित किया गया। समाज कल्याण विभाग के प्रमुख मिलिंद पलसुले, समीर मुंढे, अमीन अंसारी, अमोल देसले की अगुवाई में विभाग के कर्मचारियों ने इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम का सूत्रसंचालन दिव्यांग कर्मचारी श्रीमती अलका मटाले ने किया।

## काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स की ठाणे में एंट्री

**ठाणे।** काइनेटिक इंजीनियरिंग लिमिटेड की ईवी सहायक कंपनी काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड ने आज ठाणे जिले के उल्हासनगर में अपनी एक्सक्लूसिव 3एस (सेल्स, सर्विस, स्पेयर्स) डीलरशिप की शुरूआत की घोषणा की। यह लॉन्च पुणे में पहले डीलरशिप उद्घाटन के बाद, महाराष्ट्र में कंपनी के विस्तार की अगली कड़ी है। साथ ही, यह कदम भारत में टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित मेट्रो के बाहर भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

यह शोरूम श्री हितेन झामनानी के स्वामित्व में, मीरा एनएक्स हॉस्पिटल के पास, कल्याण-अंबरनाथ रोड, उल्हासनगर-421003 में स्थित है और 825 वर्ग फुट में फैला है, जिसे प्रीमियम और इंटरएक्टिव ब्रांड अनुभव देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। वहीं, बीके नंबर 825 के पास, संगम ट्रैवल्स के सामने, सेक्शन 17, उल्हासनगर-421003 में मौजूद काइनेटिक लैब सर्विस सेंटर प्रशिक्षित तकनीशियनों और ओरिजिनल पार्ट्स उपलब्धता के साथ पूरी आफ्टर-सेल्स सेवा प्रदान करेगा।

लॉन्च पर बोलते हुए, श्री अजिंक्य फिरोदिया, वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड, ने कहा, महाराष्ट्र हमेशा से काइनेटिक की पहचान और विकास की कहानी का केंद्र रहा है। ठाणे के उल्हासनगर में डीलरशिप की शुरूआत, राज्य के हर हिस्से तक भरोसेमंद और भविष्य-तैयार ईवी समाधान पहुँचाने की हमारी दीर्घकालिक सोच को मजबूत करती है। हम ऐसे उत्पाद और सेवाएँ देना चाहते हैं, जो भरोसा, उपयोगिता, मजबूती और रोजमर्रा के मूल्य का प्रतीक बनें।

# मीरा भायंदर की विकास यात्रा को मिली नई गति

**◆एक सपनों का शहर बनकर उभरे, यही मेरा ध्येय है : मंत्री प्रताप सरनाईक**

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर निवासियों के कई दशकों के इंतजार को पूर्ण विराम देते हुए, आधुनिक एसटी डिपो, पार्किंग प्लाजा और मार्केट यार्ड परियोजना का भव्य भूमिपूजन समारोह महाराष्ट्र राज्य परिवहन मंत्री तथा धाराशिव जिला पालक मंत्री और स्थानीय विधायक प्रताप इंदिराबाई बाबुराव सरनाईक की पहल और निरंतर (फॉलो-अप) के कारण भायंदर रेलवे स्टेशन पश्चिम में संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक क्षण शहर के नाम पर अंकित हो गया। भायंदर पश्चिम में बस डिपो की दयनीय स्थिति, जैसे ढहने की कगार पर थी छत, अस्वच्छ पानी, बैठने की जगह की कमी, कर्मचारियों की सुरक्षा का प्रश्न - इन सभी के कारण नागरिक और एसटी कर्मचारी कई कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के हस्तक्षेप से इस गंभीर स्थिति पर निर्णायक कार्रवाई हुई और नए डिपो की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ी। मीरा भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र की लगभग ४० हजार मीटर जगह में से सी आरजेड (तटीय विनियमन क्षेत्र) के कारण केवल 7 हजार 400 मीटर पर निर्माण की अनुमति मिलने के बाद, नई अवधारणाओं का एक खाका तैयार किया गया। इस नए खाके के अनुसार, नई संरचना में आधुनिक तकनीक से लैस परिवहन विभाग कार्यालय, कर्मचारियों के



लिए विश्राम गृह और सुरक्षित सुविधाएं तथा यात्रियों के लिए विशाल प्रतीक्षालय (बस विहार जागा) उपलब्ध कराया जाएगा, जैसा कि मंत्री सरनाईक ने इस अवसर पर बताया। इसके अलावा, उन्होंने आरक्षित क्षेत्र के पास एक भव्य पार्किंग प्लाजा और एक भव्य मार्केट यार्ड बनाने की भी घोषणा की। स्थानीय व्यापारियों के लिए अपना मार्केट

पिछले कई वर्षों से भायंदर पश्चिम में खुली जगह पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी व्यवसाय करके रोजगार कर रहे हैं। अब उनके लिए आरक्षित जगह में एक विस्तृत मार्केट बनाया जाएगा, इसकी विशेष घोषणा मंत्री प्रताप सरनाईक ने की। यह महत्वपूर्ण निर्णय शहर के पारंपरिक व्यवसाय को एक नई साँस देगा। बहुमंजिला पार्किंग प्लाजा, यातायात को बड़ी राहत और भव्य मार्केट यार्ड से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान।

मीरा भायंदर की बढ़ती आबादी और वाहनों के भार को ध्यान में रखते हुए, राज्य का पहला पीपीपी मॉडल पर बनने वाला बहुमंजिला पार्किंग प्लाजा यहां निर्मित होगा। साथ ही, मार्केट यार्ड के पास लगभग 100 दोपहिया और बेसमेंट में 70 चार पहिया वाहनों की पार्किंग सुविधा नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इससे शहर में यातायात और पार्किंग की समस्या पर तनाव काफी कम होगा। इसके अलावा, नया मार्केट यार्ड स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देगा, रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करेगा और शहर की अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकेगा। मंत्री प्रताप सरनाईक ने खुद आश्वासन दिया कि यह परियोजना मीरा-भाईंदर की आर्थिक प्रगति का नया चरण है।अब ठाणे-बोरिवली-मुंबई जाने की जरूरत नहीं।

मीरा-भाईंदर शहर के नागरिकों को अपने गाँव जाने और विभिन्न जिलों की यात्रा करने के लिए ठाणे, बोरिवली, मुंबई के बस डिपो पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब नए बनने वाले इस बस डिपो से यह समस्या भी दूर हो गई है। राज्य के कोने-कोने तक जाने वाली एसटी बसें अब इसी नए डिपो से चलेंगी। शहर के लाखों यात्रियों के लिए यह एक बड़ी राहत है।

## श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट के प्रमुख अभिषेक वर्मा ने किया मार्गदर्शन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट द्वारा आयोजित सभा में संगठन के प्रमुख अभिषेक वर्मा ने मार्गदर्शन किया। महाराष्ट्र के हर जिला में सामाजिक न्याय और विकास कार्य सभी को शामिल कर किया जाएगा। इस मौके पर राजेश शर्मा पूर्व उप महापौर, राघवेंद्र शुक्ला ( मुख्य कॉर्डिनेटर ) श्रीकृष्ण सांगले कॉर्डिनेटर, श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट (मुंबई), महेंद्र कुदाले , पंकज चतुर्वेदी, विनय देसाई के साथ और मान्यवर हाजिर थे ।इस मुलाकात के दौरान अभिषेक वर्मा ने आने वाले समय में श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट के माध्यम से सामाजिक कार्य करने के निर्देश दिए साथ ही राजेश शर्मा ने भी श्रीकांत वर्मा के ट्रस्ट के माध्यम से आयोजित सामाजिक काम करने में सहायता करने का सुझाव दिया।

## पालघर जिला परिषद के विकास अधिकारियों का कामबंद आंदोलन

**पालघर (उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** मनरेगा में कथित अपहार प्रकरण के तहत आर्वी (जिला वर्धा) पंचायत समिति की गटविकास अधिकारी सुनीता मरसकोल्हे को बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए गिरफ्तार किए जाने के विरोध में पालघर जिला परिषद के अधिकारी दो दिन की हड़ताल पर चले गए हैं। 4 और 5 दिसंबर को सभी वरिष्ठ अधिकारी, गटविकास अधिकारी एवं सहायक गटविकास अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश की घोषणा की है।

अधिकारियों ने अपना डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डी.एस.सी.) मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानाडे को जमा कर दिया है। उनका कहना है कि जब तक सरकार ठोस निर्णय नहीं लेती, हम डी.एस.सी. का इस्तेमाल कर कोई भी कार्य नहीं करेंगे। मरसकोल्हे की गिरफ्तारी में कानूनी



प्रक्रिया का उल्लंघन किए जाने का आरोप लगाते हुए अधिकारी वर्ग में भारी नाराजगी व्यक्त की गई है।

हड़ताल में शामिल अधिकारियों में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र शिंदे, जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा की प्रकल्प संचालिका डॉ. रूपाली सातपुते, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (साप्रवि) इजाज अहमद शरीक मसलत, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (पंचायत) अशोक पाटील, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (मनरेगा) अतुल पारसकर सहित सभी गटविकास अधिकारी और सहायक गटविकास अधिकारी शामिल हैं। महाराष्ट्र विकास सेवा राजपत्रित अधिकारी संघ के अनुसार डेटा एंट्री, मैपिंग व आधार लिंकिंग जैसे कार्य कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों द्वारा किए जाते हैं तथा अंत में केवल डी.एस.सी. हस्ताक्षर अधिकारी करते हैं। सिर्फ डी.एस.सी. के इस्तेमाल को आधार बनाकर अपराधी ठहराना सरासर अन्याय है, संघटना ने अपने निवेदन में कहा। इस आंदोलन के कारण घरकुल योजना, मनरेगा के कार्य, मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान की प्रक्रियाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है, क्योंकि डी.एस.सी. के जरिए होने वाली सभी ऑनलाइन प्रक्रियाएँ ठप हो गई हैं। अधिकारियों ने शासन के समक्ष निम्न मांगें रखी हैं– 1. अपहार प्रकरण में अपराध दर्ज करने से पहले विभागीय जांच अनिवार्य की जाए। 2. अधिकारियों पर कार्रवाई हेतु शासन की पूर्व अनुमति आवश्यक हो। 3. सुनीता मरसकोल्हे को तत्काल कानूनी व प्रशासनिक संरक्षण दिया जाए। 4. डी.एस.सी. उपयोग हेतु स्पष्ट मार्गदर्शक नियम व एस.ओ.पी. बनाया जाए। यदि 5 दिसंबर तक मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो 6 दिसंबर से पूरे महाराष्ट्र में गटविकास अधिकारी बेमुदत कामबंद आंदोलन शुरू करेंगे, ऐसी चेतावनी संघटना की ओर से दी गई है।

## संदेश विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** ज्ञान प्रसारक शिक्षण संस्था के शिक्षकमित्र प्राचार्य बालासाहेब म्हात्रे शैक्षणिक संकुल, पार्कसाइट, स्थित संदेश विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस तथा सनराइज इंग्लिश स्कूल का विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम संकुल के क्रांतीज्योति सावित्रीबाई फुले सभागृह में हाल ही में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं शोध वृत्ति विकसित हो, इस उद्देश्य से ह्यविकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए रळएटह्ल इस मुख्य विषयांतर्गत, सामाजिक, पर्यावरण अनुकूल और वर्तमान समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सात उपविषयों पर आधारित इयत्ता तीसरी से बारहवीं के



विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए 50 विज्ञान प्रकल्प इस प्रदर्शनी में साकार किए गए।

विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या मेघा म्हात्रे की उपस्थित में राजीव गांधी विद्यालय के मुख्याध्यापक अनिल कोल्हे के हस्ते किया गया। इस अवसर पर संदेश विद्यालय झ प्राथमिक विभाग के मुख्याध्यापक पांडुरंग पुरी, संदेश विद्यालयझटागोर नगर की उपमुख्याध्यापिका श्वेता मोहिते, सुनीता मोरे आदि मान्यवर उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संगीत शिक्षक मनोहर म्हात्रे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और ह्यविज्ञान युग का स्वागतह्ल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिवाजी बोरसेने किया। प्रदर्शनी के प्रवेश द्वार पर विज्ञान विषय पर बनाई गई आकर्षक रंगोली विशेष आकर्षण का केंद्र बनी।

प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए सनराइज इंग्लिश स्कूल की मुख्याध्यापिका फातिमा टोले, संदेश विद्यालय के पर्यवेक्षक प्रवीण झोपे, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने विशेष मेहनत की। इस प्रदर्शनी को कुल 2150 विद्यार्थियों और 585 पालकों ने भेट देकर प्रकल्पों की प्रशंसा की।

## मीरा भायंदर बनेगा फ्री वाईफाई सिटी नए साल में शहर को मिलेंगे डिजिटल पंख परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक

**मिरा भाईंदर(उत्तरशक्ति)।** निवासियों के लिए नया साल आशा की एक नई किरण लेकर आ रहा है। शहर को डिजिटल भविष्य में छलांग लगाने के लिए तैयार करते हुए, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एक भव्य घोषणा की है कि मिराझभाईंदर को फ्री वाईफाई सिटी बनाया जाएगा ।ह्व महापालिका भवन में हुई समीक्षा बैठक में जैसे ही यह ऐतिहासिक घोषणा हुई, उपस्थित लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

बैठक की अध्यक्षता मंत्री सरनाईक ने की, जिस में महापालिका आयुक्त राधा बिनोद शर्मा और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री सरनाईक ने कहा मिराझभाईंदर देश में तेजी से प्रगति करने वाला शहर है। पिछले तीन वर्षों में, तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में, यहाँ लगभग १८०० करोड़ रुपये के विकास कार्यों को आकार दिया जा रहा है। वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एक ऐसे नेतृत्वकर्ता हैं



जो हमेशा नवीन, प्रौद्योगिकी-स्नेही पहलों को प्रोत्साहन देते हैं। उनकी दूरदृष्टि से ही महाराष्ट्र के उभरते शहरों को फ्री वाईफाईह्ल से जोड़ने का महाअभियान शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि मिराझभाईंदर शहर को ज्ञान, सूचना और मनोरंजन का मुक्त प्रवाह उपलब्ध कराने वाली यह वाईफाई तकनीक प्रगति का एक नया सेतु है। खाड़ी की मनमोहक सुंदरता, राष्ट्रीय उद्यान का सान्निध्य, और अब डिजिटल सुविधाओं का मान-सम्मान! सरनाईक ने विश्वास व्यक्त किया कि शहर के प्राकृतिक रूपरेखा में ह्यफ्री वाईफाईह्ल आधुनिकता का एक नगीना साबित होगा। उन्होंने यह भी कहा, मिराझभाईंदर को एक स्वप्निल, प्रौद्योगिकी-समृद्ध, स्मार्ट सिटी बनाने का हमारा दृढ़ संकल्प है। फ्री वाईफाई उस सपने को साकार करने की दिशा में पहला तेजस्वी चरण होगा। मंत्री सरनाईक ने कहा कि डिजिटल युग की ओर बढ़ाया गया यह कदम शहर की विकास यात्रा को गति देगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## एम .के . जूनियर कॉलेज, चिंचणी में संविधान जागृति प्रश्नमंजूषा 2025 का आयोजन

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र शासन के शिक्षा संचालनालय (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विभाग) के निदेर्शानुसार विद्यार्थियों में भारतीय संविधान की जानकारी एवं उससे जुड़ी जागरूकता बढ़ाने हेतु एम.के. जूनियर कॉलेज, चिंचणी में संविधान जागरूकता प्रश्नमंजूषा - 2025 का आयोजन किया गया।

चिंचणी तारापुर शिक्षा संस्थान के मोतीलाल कानजी कनिष्ठ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस स्पर्धा में उत्साहपूर्वक सहभाग लिया। मराठी, हिंदी एवं अंग्रेजी– तीनों भाषाओं में संविधान के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर आधारित बहुपयार्यी प्रश्न छात्रों द्वारा हल किए



गए। एन.एस.एस. +2 के स्वयंसेवक छात्रों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य सुनील बैसाणे ने स्पर्धा में सहभागी सभी छात्रों का चॉकलेट देकर स्वागत किया तथा संविधान जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन किया। उपप्राचार्या संगीता चुरी ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया। पर्यवेक्षक सुरज आष्टेकर एवं दिनकर टेकनर का विशेष सहयोग मिला। कार्यक्रम में प्रा. अविनाश भामरे, प्रा. चारुशीला बहारे तथा एन.एस.एस. +2 कार्यक्रम अधिकारी प्रा. एकनाथ पाटील उपस्थित रहे। संविधान जागरूकता प्रश्नमंजूषा 2025 के समन्वयक प्रा. संजय बहारे रहे।

## सीआरजेड-1 क्षेत्र में अवैध निर्माण उजागर, मैंग्रोव सुरक्षा विभाग की त्वरित कार्रवाई, हाई कोर्ट आदेशों का खुला उल्लंघन

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मांडाला-कुर्ला के अत्यंत संवेदनशील सीआरजेड-1 मैंग्रोव क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत पर मैंग्रोव सुरक्षा विभाग ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए साइट निरीक्षण किया। यह कार्रवाई पर्यावरणप्रेमी वली मोहम्मद इसाक (अमजद खान) द्वारा दर्ज की गई शिकायत (आईडी-1531) के आधार पर की गई थी जिसमें सायन-पनवेल हाईवे और घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड के पास बिना अनुमति एक नए कनेक्टिव ब्रिज के निर्माण की बात सामने आई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इस पूरे क्षेत्र में मौजूद आरसीसी सड़क व पुल निर्माण शुरू कर दिया गया है जबकि यह इलाका सीआरजेड-1 घोषित है जहाँ किसी भी प्रकार का नया निर्माण करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। वली मोहम्मद का कहना है कि अशोका बिल्डकान लि., अक्षय पिले और जिलानी एर्थ मूवर्स प्रा. लि. जैसी कंपनियाँ बिना सीआरजेड की अनुमति और बिना माननीय बाम्बे हाई कोर्ट की स्वीकृति के इस क्षेत्र में काम कर रही हैं। यदि इन कंपनियों के पास वैध मंजूरी नहीं पाई जाती है तो यह पूरा प्रोजेक्ट अवैध माना



जाएगा और पर्यावरण संरक्षण कानूनों तथा हाई कोर्ट के आदेशों (पीआईएल 87/2006 और आदेश 3246) का स्पष्ट उल्लंघन साबित होगा। इसी शिकायत के क्रम में 1 दिसंबर 2025 को मैंग्रोव सेल के अधिकारी और तलाठी मंडले की टीम ने सायन-पनवेल हाईवे, मानखुर्द के पास दोबारा साइट निरीक्षण किया। जांच में मैंग्रोव बफर जोन में खंभे गाड़ने की गतिविधि, नए पुल के निर्माण से जुड़ी भारी मशीनरी की मौजूदगी, सड़क की खुदाई और मैंग्रोव क्षेत्र से छेड़छाड़ के संकेत मिले। यह सब हाई कोर्ट के उन आदेशों की अवमानना को दशार्ता है जिनमें मैंग्रोव क्षेत्र को किसी भी प्रकार की क्षति पहुँचाने पर कड़ी मनाही है। वली मोहम्मद इसाक ने मांग की है कि इस पूरे मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए और सीआरजेड-1 क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण को तुरंत रोका जाए। उन्होंने कहा कि मैंग्रोव नष्ट करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई जरूरी है क्योंकि यह न केवल पर्यावरण का नुकसान है बल्कि अदालत के आदेशों का भी सीधा उल्लंघन है। उन्होंने संबंधित विभागों, अधिकारियों और जिम्मेदार कंपनियों के खिलाफ त्वरित कानूनी कदम उठाने पर विशेष बल दिया है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि मैंग्रोव मुंबई की प्राकृतिक सुरक्षा दीवार हैं और इन्हें नुकसान पहुँचाकर किसी भी प्रकार का निर्माण शहर के पर्यावरण और बाढ़ सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। मांडाला-कुर्ला का यह मामला एक बार फिर यह स्पष्ट करता है कि हाई कोर्ट के निदेर्शों का कड़ाई से पालन करते हुए मैंग्रोव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

